'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 187 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 22 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद में विपुल गोयल का स्वागत Page 3



## उल्लास कार्यक्रम में किया साक्षर बनाने का आह्वान



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेड क्रॉस ने उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने साक्षर बनने व बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विद्यालय के अंग्रेजी प्राध्यापक जितेंद्र कुमार गोगिया ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया और सभी शिक्षार्थियों को यह शपथ दिलाई कि वे शिक्षा की ओर अपना पहला कदम बढ़ाकर पूर्ण साक्षर बनेंगे और स्वयं शिक्षित होने के बाद अपनी भागीदारी को समझते हुए अपने साथियों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्होंने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़कर स्वयंसेवकों को भी प्रतिज्ञा दिलाई कि वे शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करेंगे और कर्तव्य पूर्ण भाव से योगदान देंगे तथा शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने में अपने पूर्ण ज्ञान और कौशल का प्रयोग करेंगे। मनचन्दा सहित सभी अध्यापकों ने शिक्षा के प्रति जागरूक बनने का संदेश देते हुए सभी विद्यार्थियों, उनके पारिवारिक सदस्यों और मित्रजनों को भी इस अभियान से जुड़ कर साक्षर बनकर एक सफल नागरिक बनने के लिए वह देश के विकास में निरंतर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यह युग विज्ञान और तकनीक का युग है। हाई स्पीड इंटरनेट, कंप्यूटर और मोबाइल प्रौद्योगिकी के युग में प्रत्येक का साक्षर बनना देश की उन्नति के लिए नितांत ही आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना युवा नागरिकों में राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने और सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी का दायित्व भी बढ़ गया है कि हम सभी निरक्षरों को भी साक्षर बनाएं। प्राचार्य मनचंदा और सभी प्राध्यापकों ने आह्वान किया कि हम सभी संकल्प लेते है कि अपने आस पड़ोस और निकटवर्ती स्थान पर जो भी साक्षर नहीं हैं सभी को साक्षर बनाएंगे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** वी जी इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज ने आज यहां राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक पृथला-दुधौला क्षेत्र स्थित अपने औद्योगिक प्लांट परिसर में जिला स्वास्थ्य विभाग तथा समाजसेवी संस्था लोक उत्थान क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसके अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तादाताओं से 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त एकत्रित करने में जिला के सामान्य बी के अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने भूमिका निभाई जबकि लोक उत्थान क्लब की तरफ से रक्तादाताओं को रिफ्रेशमेंट उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर वी जी इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज के प्रेसिडेंट राजेश शर्मा, इसी कंपनी की पृथला यूनिट के प्लांट हैड प्रदीप सेंगर, वी जी पृथला यूनिट की एचआर हैड एकता चावला व डिप्टी प्लांट हैड रजत खन्ना तथा लोक उत्थान क्लब के संस्थापक अध्यक्ष आरपी हंस सहित कंपनी के कई अन्य पदाधिकारी, समाजसेवी एवं रक्तादाता गण मौजूद थे।

## पहल फाउंडेशन ने वार्षिक सामुदायिक कार्यक्रम में मनाया समावेशिता और उत्साह



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पहल फाउंडेशन ने अपने वार्षिक सामुदायिक कार्यक्रम नई राहें, नई मंजिलें का आयोजन सेक्टर 12, रेड क्रॉस भवन में किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों जैसे पानीपत, हिसार, गुरुग्राम, पलवल, रेवाड़ी, चंडीगढ़, मेवात, सोनीपत और करनाल से आए 200 से अधिक समुदाय के सदस्य और समर्थक शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सम्मानित व्यक्तियों द्वारा किया गया, जिनमें डॉ. हरजिंदर (डीटीओ, फरीदाबाद), डॉ. विनोद कुमार (जेडी प्रिवेंशन हरियाणा एसएसीएस), डॉ. बिजेंद्र (सेक्रेटरी, रेडक्रॉस), पीडब्ल्यूसी से वनीता गंगवानी, एसएंडपी ग्लोबल से गीता भावना, एडिडास से आलोक त्यागी और किन्नर/ट्रांसजेंडर नेता लिजा और सीता शामिल थे। कार्यक्रम में सामुदायिक प्रतिभाओं को उजागर किया गया। जिसमें पारंपरिक और पश्चिमी फैशन वॉक, नृत्य प्रदर्शन और भावनात्मक कविता पाठ शामिल थे। पहल फाउंडेशन ने वॉयस ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन नामक लघु फिल्म भी दिखाई, जो एमएसएम, ट्रांसजेंडर और जेंडर-डाइवर्स समुदायों को एचआईवी रोकथाम, स्वास्थ्य, सामाजिक समावेश और कौशल विकास के क्षेत्रों में सशक्त बनाने के लिए अपनी दशकों पुरानी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में से एक पैनल चर्चा बराबरी और तरक्की रही, जिसमें ट्रांसजेंडर और जेंडर-डाइवर्स समुदायों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में चर्चा की गई। इस पैनल को ट्रांसजेंडर लीडर लिजा द्वारा संचालित किया गया और इसमें समानता और समुदाय की उन्नति को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के एक प्रमुख क्षण में, समुदाय के सभी सदस्यों ने आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले चुनावों में मतदान करने की शपथ ली, जो सक्रिय नागरिक के रूप में उनकी भूमिका को पुनःस्थापित करता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से पहल फाउंडेशन हरियाणा और उससे आगे के हाशिए पर रहने वाले समुदायों में समावेशिता को बढ़ावा देने, जागरूकता पैदा करने और उन्हें सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है।

## हरियाणा के लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरेंगे प्रधानमंत्री, ऑडियो ब्रिज तकनीक से करेंगे सीधा संवाद

**26 सितंबर को 4 हजार से अधिक शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी करेंगे सीधी बात**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव चरम पर है और भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करने के लिए लगातार एक के बाद एक कार्यक्रम भी कर रही है। इसी कड़ी में 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो ऐप की ऑडियो ब्रिज तकनीक के माध्यम से हरियाणा के लाखों कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर ऊर्जा और जोश का संचार करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं के सवालों के जवाब भी देंगे, और उनके सुझावों को भी सुनेंगे। हालांकि इससे एक दिन पहले 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोहना में जन-आशीर्वाद रैली कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

कार्यक्रम के बारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के 4 हजार से अधिक शक्ति केंद्रों पर भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी सीधा जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 26 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे नमो ऐप के माध्यम से हरियाणा के प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष बड़ौली ने यह भी कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम से एक दिन पहले 25 सितंबर को प्रधानमंत्री गोहाना में जन आशीर्वाद रैली कर जनता का आशीर्वाद लेंगे।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से अटूट नाता और जुड़ाव है। पीएम मोदी ने संगठन और सरकार में रहते हुए हमेशा हरियाणा और हरियाणावासियों को प्राथमिकता दी है। हरियाणा के लोग भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विशेष भाव लगाव रखते हैं। पिछले दिनों कुरुक्षेत्र की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में बिताए अपने समय को याद करते हुए हरियाणा से अपने इस विशेष संबंध का जिक्र किया था। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने शुरुआती दिनों में हरियाणा के कार्यकर्ताओं के बीच रहकर संगठन के लिए बहुत समय तक काम किया है। इसी कारण प्रधानमंत्री जी के मन में हरियाणा और हरियाणावासियों के लिए विशेष लगाव और अपनापन है।

## मुख्यमंत्री ने किया ऐलान : तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर पट्टीदारों के नाम करेंगे पंचायत की जमीनें



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रत्याशी कुलवंत बाजीगर के समर्थन में गुहला चीका विधानसभा में आयोजित नॉन-स्टॉप विकास, भाजपा पर विश्वास जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही पहले सत्र में पट्टीदारों को पंचायत की जमीनें नाम कर दी जाएगी।

सीएम सैनी ने यह भी घोषणा की कि पंचायत की जमीन पर बसे घरों को भी उनके मालिकों के नाम कर दिया जाएगा। रैली में मुख्यमंत्री कांग्रेस पर भी बरसे। कांग्रेस ने हिमाचल में भी महिलाओं को 1500 रुपये हर माह और 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया जो आज तक पूरा नहीं हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने भाषण में राज्य के विकास की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का जिक्र किया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के विजन को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 5 तारीख को भाजपा को आशीर्वाद दीजिए, बाकी काम मुझ पर छोड़ दीजिए। रैली में कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, जिला अध्यक्ष मनीष कठवास, विधानसभा प्रभारी जसवंत पठानिया व विधानसभा संयोजक शीशपाल उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को 12 मार्च से मिले सेवा के अवसर का उल्लेख करते हुए कहा, सिर्फ 56 दिन मिले थे, लेकिन इतने कम समय में भी हमने 126 निर्णय लिए, जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कांग्रेस की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल की तुलना भाजपा के 56 दिन के कार्यकाल से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, 56 दिनों में हमने जो किया, वह कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल पर भारी पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने अपने पांच साल के संसद कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की चर्चा की और कहा कि किसी भी व्यक्ति का कोई काम अधूरा नहीं छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि पट्टीदारों से जुड़े मुद्दों का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि जब भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी, तो पहले ही सत्र में पट्टीदारों की पंचायत की जमीनें उनके नाम की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत की जमीन पर बसे घरों को उनके मालिकों के नाम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के झूठे वादों को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में हिमाचल, कर्नाटक, और तेलंगाना में झूठे वादे किए। वहां एक लाख नौकरियों, 1500 प्रति माह महिलाओं को और 300 यूनिट बिजली फ्री देने के वादे किए गए थे, लेकिन आज तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ।

## हरियाणा में फिर खिलेगा कमल बल्लभगढ़ के विकास को भी लगेंगे पंख



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ़।** भाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा का जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहा है। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। शर्मा ने बल्लबगढ़ की कुंदन कालोनी में लोगो को संबोधित किया।

उन्होंने कहा की भाजपा ही देश हित की पार्टी है। उन्होंने कहा की हरियाणा का हर 10 वा नौजवान भारत देश की सेना में अपनी सेवाएं दे रहा है तो दूसरी तरफ बीजेपी देश हित की बात पर कायम हैं। उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की शहर के विकास में उन्होंने बड़े बड़े भवनों का निर्माण कराया है जिसका फायदा बल्लबगढ़ की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के सिटी पार्क को भू माफियाओं से बचाने का काम किया है जबकि बल्लभगढ़ के सिटी पार्क को पूर्व विधायक के इशारे पर अपने चाहने को बेचने का काम किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि यह वही बीजेपी है जिसने भूमाफियाओं से सिटी पार्क को बचाने का काम किया और कब्जाधारियों को खदेड़ने का काम किया था।।

बीजेपी प्रत्यासी मूलचंद शर्मा ने सैक्टर 2, श्याम कालोनी, कुंदन कालोनी ,त्रिखा कालोनी भीमसेन कालोनी ,जगदीश कॉलोनी ,भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है और श्री नायब सिंह सैनी फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। इसके बाद त्रिखा कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को जोरदार जनसमर्थन मिला। वहीं भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के सेक्टर 2 कार्यालय पर समाज सेवी अजय मित्तल ने भाजपा में अपनी आस्था जताते हुए ज्वाइन की और भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को आश्वासन दिलाया कि वह अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा को विजय बनाने के लिए प्रचार प्रसार में जुटेंगे। अजय मित्तल ने कहा की भाजपा की रीति और नीति देश हित में कार्य करने वाली नीति है। इस मौके पर ही भाजपा नेता हरेंद्र भाटी और भाजपा नेता विनोद भाटी ने भी अपना समर्थन देने के बाद चुनावी मैदान में भाजपा के पक्ष में वोटों के प्रचार करने का काम किया। मूलचंद शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और सभी का धन्यवाद जताया।

## बिना भेदभाव एनआईटी क्षेत्र का करेंगे समुचित विकास : नगेंद्र भड़ाना



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 से इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने अपने चुनावी अभियान के तहत आज पर्वतीया कालोनी, गौंछी, चाचा चौक, जवाहर कालोनी, डबुआ गांव रविदास चौपाल, डबुआ कालोनी, उत्तम नगर, गाजीपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क करके लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने श्री भड़ाना का फूल मालाओं से स्वागत किया उन्हें भारी बहुमत से विजय बनाने का विश्वास दिलाया। इस मौके पर नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि 2014 में जब जनता ने उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा था तो पांच सालों तक उन्होंने एक लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा की और यहां अनेकों विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की। सड़क से लेकर सीवरेज और पीने के पानी की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया, लेकिन 2019 में जब कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा यहां से चुने गए, उन्होंने पांच सालों में एनआईटी क्षेत्र को नरक बना दिया, क्षेत्र की हर कालोनी में समस्याएं व्याप्त है, लोग जलभराव से परेशान है, सीवरेज जाम से परेशान है, जब लोग अपने फरियाद लेकर विधायक के निवास जाते है तो उन्हें वहां से यह कहकर भगा दिया जाता है कि आपने हमें वोट नहीं दिया। श्री भड़ाना ने कहा कि वह पक्षपात की राजनीति नहीं करते बल्कि समाज की छत्तीस बिरादरी का सम्मान करते है, अगर जनता ने आर्शीवाद दिया तो विधानसभा पहुंचकर बिना भेदभाव एनआईटी क्षेत्र का समान विकास कराएंगे और इस क्षेत्र को पूरी तरह से समस्यामुक्त क्षेत्र बनाएंगे।

## पुलिस की पाठशाला में किया जागरूकता



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने इंपीरियल ऑटो लिमिटेड, मेवला महाराजपुर, थाना प्रबंधक मुजेसर के सहयोग से एस्कॉर्ट्स कुबोटा कंपनी, सेक्टर-24 और प्रभारी पुलिस चौकी संजय कॉलोनी के सहयोग से पुलिस चौकी संजय कॉलोनी परिसर में पुलिस की पाठशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में निजी कंपनियों के कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इसके साथ ही, समाज के सभी वर्गों को नए कानूनों के प्रावधानों के प्रति संवेदनशील बनाना और फरीदाबाद को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन सभी नागरिकों को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए यह शपथ दिलाई गई कि वे फरीदाबाद पुलिस के साथ मिलकर फरीदाबाद को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सड़क दुर्घटना मुक्त शहर बनाने में सहयोग करेंगे। सभी ने पुलिस की इस मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। फरीदाबाद पुलिस का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## इंस्टाग्राम से मंगवाई फर्जी नंबर प्लेट, गिरफ्तार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 17 की टीम ने गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कीरत सिंह (21) है जो ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी अपनी क्रेटा गाड़ी पर रमन वर्मा निवासी पंचकूला की गाड़ी के नंबर की नंबरप्लेट लगाकर घूम रहा था। 19 सितंबर को आरोपी अपनी क्रेटा गाड़ी पर सेक्टर 17 बाईपास पर रॉन्ग साइड जा रहा था जहां पुलिस ने उसका चालान काट दिया। चालान में नंबर प्लेट से डिटेल उठाई गई। आरोपी को कोर्ट में चालान जमा कराने की बात कहकर छोड़ा गया। चालान का मैसेज जब रमन वर्मा के पास पहुंचा तो उसे पता लगा कि उसकी गाड़ी का चालान फरीदाबाद में हुआ है जबकि उसकी गाड़ी तो पंचकूला में ही है। रमन वर्मा ने जब इसकी शिकायत फरीदाबाद पुलिस को की तो सेक्टर 17 पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया गया और उसकी गाड़ी जब्त की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने करीब 1 महीने पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से यह नंबर प्लेट आर्डर करके मंगवाई थी और यह नंबर प्लेट वह चालान से बचने के लिए ही उपयोग करता था ताकि उसका चालान कटने से बच जाए। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## पांच अक्टूबर को मतदान के दिन रहेगा पेड हॉलिडे: विक्रम सिंह

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली डे रहेगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने दी। हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 (संशोधित 8/1996) के सेक्शन 135 बी के तहत सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों आदि में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें। उन्होंने पात्र मतदाताओं से पांच अक्टूबर को होने वाले चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन जिला की सीमा से लगते दिल्ली में स्थित उद्योगों को भी वहां कार्यरत जिला फरीदाबाद के कर्मचारियों,जिनका जिला की मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, को भी सह वेतन अवकाश देने के निर्देश दिए हैं।

## विधानसभा चुनाव में हर घर तक पहुंचेगी मतदान की सूचनात्मक पर्चियां : डीसी

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में 5 अक्टूबर को मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार सहजता से बन सकें इसके लिए मतदाताओं के घर द्वार तक मतदान की सूचनात्मक पर्चियां (वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप) भिजवाई जाएंगी। सभी बीएलओ को इस संदर्भ में निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 को मतदाताओं के सहयोग से सफल बनाया जाएगा। मतदान प्रतिशत बेहतर रहे इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर एक वोटर को उसके घर तक मतदान की सूचनात्मक पर्चियां भिजवा दी जाए।

इस पर्ची से मतदाता को यह फायदा होता है कि उसे उसका बूथ नंबर, भवन का नाम, मतदाता सूची में वोटर क्रमांक आदि का पता चल जाता है। बूथ की मतदाता सूची से ही इन वोटर स्लिप को तैयार किया जाता है। डीसी ने कहा कि मतदान की ये पर्ची मतदाता को प्रेरित करती है कि उसे अपने पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए जाना है। चुनाव में कुछ उम्मीदवार भी अपने कार्यकर्ताओं से पोलिंग बूथ के स्टाल पर चुनाव का निशान, नाम आदि छपवा कर वोटर स्लिप बंटवाते हैं। निर्वाचन आयोग के नियम अनुसार ये नियमों की अवहेलना है। मतदान के दिन बूथ पर केवल सादा सफेद कागज पर वोटर स्लिप दी जा सकती है। उसके सहारे कोई प्रत्याशी अपना प्रचार नहीं कर सकता। डीसी ने कहा कि बीएलओ अपने बूथ की सूचनात्मक पर्चियों को खुद घर-घर तक पहुंचाएंगे। वे किसी भी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को पर्ची बांटने के लिए नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन किसी उम्मीदवार की स्टाल पर वोट की अपील करते हुए स्लिप पाई गई तो उस स्टाल को तुरंत हटा दिया जाएगा। डीसी ने उक्त आदेश की अनुपालना के लिए सम्बंधित निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

# ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद में विपुल गोयल का जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल का शनिवार को ओल्ड फरीदाबाद ठाकुरवाड़ा में राजू ठाकुर एवं उनकी टीम ने जोरदार स्वागत किया। विपुल गोयल को फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया और महिलाओं ने भी विपुल गोयल को जीत का आशीर्वाद दिया।

अपने स्वागत में उमड़े जनसैलाब से गदगद हुए विपुल गोयल ने लोगों से आह्वान किया कि आने वाली 5 तारीख को कमल के निशान वाला बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों का साथ और आपका विश्वास ही मेरी ताकत है। मुझे यकिन है, आप लोगों के प्यार और सत्कार ने मेरी जीत की राह आसान कर दी है।

उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने फरीदाबाद में विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और फिर से मौका मिला तो दोगुनी ताकत से क्षेत्र के विकास एवं उन्नति के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए फिर से एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने देशहित में अनेक क्रांतिकारी फैसले किए हैं। उनके प्रयासों से आज भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख देशों में शुमार है और अंतर्राष्ट्रीय नीति एवं दिशा तय करने में भारत का अतुलनीय योगदान है। विपुल गोयल ने कहा कि आप लोगों ने जो प्यार और आशीर्वाद मुझे दिया है, उसे सूद समेत वापिस लौटाऊंगा। अपने पिछले कार्यकाल में भी मैंने नाहर सिंह स्टेडियम के पुनरुद्धार, आईएमटी को विकसित करने, शहर को हरा-भरा एवं स्वच्छ रखने की दिशा में हजारों पेड़ लगाने का कार्य किया। इसके अलावा शहर के एकमात्र खेल स्टेडिय में ट्रैक का निर्माण, सडक, सीवर सहित लोगों को स्वचछ जल उपलब्ध कराने में मैंने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। इस बार विधायक बनकर आया तो फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की सूरत बदलकर रख दूंगा। विपुल ने कहा कि मैंने कभी स्वार्थ की राजनीति नहीं की पार्टी ने 2019 में मुझे टिकट नहीं दी तो मैंने विद्रोह नहीं किया। बल्कि, पार्टी के हित एवं उत्थान के लिए जी-जान से कार्य किए। आज फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है और आपसे वादा करता हूं फरीदाबाद के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर तिगांव क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : रोहित नागर

## तिगांव के कांग्रेस प्रत्याशी का एक दर्जन चुनावी सभाओं में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने आज शनिवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के बदरपुर गांव से अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने जहां घर-घर दस्तक देकर जनता से आगामी चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की वहीं एक बडी सभा को भी संबोधित किया। इसके उपरांत उन्होंने सेक्टर-28, सेक्टर-37, तिगांव, बदरौला, जसाना, बीपीटीपी, केएलजे जल-बिहार, धीरज नगर व हरकेश नगर नगर में आयोजित चुनावी सभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान उनका जहां फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया वहीं पगड़ी बांधकर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयी आशीर्वाद दिया। सभाओं में मिले अपार स्नेह से गदगद कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने लोगों को भावनात्मक जोड़ते हुए कहा कि यह चुनाव केवल एक वोट नहीं, बल्कि हमारे साझा भविष्य के लिए एक नई शुरूआत है। इसलिए आइए, मिलकर इस परिवर्तन का हिस्सा बनें। उन्होंने लोगों से झोली फैलाकर वोटों की अपील की। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश और उत्साह को बनाए रखें और आने वाली 5 अक्टूबर को कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

# भाजपा के भ्रष्टाचार को भगाने के लिए पृथला में कांग्रेस के पक्ष में करें मतदान : रघुवीर तेवतिया

## पृथला के कांग्रेस प्रत्याशी का एक दर्जन चुनावी सभाओं में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवाद एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने शनिवार को पृथला क्षेत्र के गावों में जोरदार दस्तक दी।

उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत दूधौला गांव के जोगी समाज द्वारा आयोजित चुनावी सभा से की उसके उपरांत सुनपेड, साहूपुरा, जाजरू, सागरपुर, मलेरना व साहपुर, डीग, बहबलपुर व लढ़ौली आदि एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं में जोरदार स्वागत किया गया। उनका काफिला जहां-जहां से भी निकला लोगों ने सड़कों पर आकर उनका पुष्प वर्षा कर व मिठाई खिलाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान भी किया वहीं चुनावी सभाओं में पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया।

लोगों के मिले अपार समर्थन से गदगद कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों की भारी संख्या और जोश बता रहा है कि पिछले दस साल में पृथला क्षेत्र में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है तथा जाति-धर्म व वर्ग विशेष के नाम पर आपकी भावनाओं के साथ खेला गया गया है लेकिन अब समय आ गया है कि इनके भ्रष्टाचार और अहंकार को वोट की ताकत से तोडने का। क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडा हथियार है इसलिए एकजुट हो इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को उखाड़ कर फेंके, ताकि लोगों के जीवन में फिर से खुशहाली आ सके। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से पृथला क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल निकली है उससे बीजेपी सहित निर्दलीय प्रत्याशी निराश व हताश हैं। क्योंकि अब यहां ओछे हथकंडों से वोट नहीं मिल रहे हैं, वजह ये है कि यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदारी पर आकर खडा हो गया है और आप ईमानदारी को चुन रहे हैं जिसकी आवाज समूचे प्रदेश में जा रही है।

उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही भाजपा के पास सिवाय जुमलों के गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणा पत्र के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप ईमानदारी व बेईमानी को तराजू में तोलकर ईनामदार व बेदाग छवि के नेता को भारी बहुमत से विजयी जिससे कि पृथला क्षेत्र के नागरिकों के विकास व रोजगार के सपनों को पूरा किया जा सके।

# शहर के आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता कर रहे मजबूती से प्रचार



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर के आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र के इलाकों में धुंआधार प्रचार कर रहे। प्रवेश मेहता जिस भी इलाके में जाते है लोगों की उनका स्वागत करने की होड़ लगी रहती है। प्रचार के दौरान प्रवेश मेहता ने कई सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से लोगों का प्यार उन्हें मिल रहा है इससे यह साफिर जाहिर होता है की इस बार जनता के आशीर्वाद से वह विधायक जरूर बनेगें। फरीदाबाद शहर की जनता उनके सुख दुख में कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़े रहने वाले व्यक्ति को जिताएगी नाकि एयरकडीशन में बैठकर राजनीति करने वालों को। प्रवेश मेहता ने कहा कि आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी की इतनी सोटें आ रही हैं कि कोई भी सरकार आम आदमी पार्टी के समर्थन के बिना नहीं बनेगी। उन्होनें कहा कि आज जिस भी क्षेत्र में जाता हूं लोगों का हजूम उमड़ पड़ता है जिससे साफ जाहिर है कि जनता ने कांग्रेस और भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है क्योंकि इन्होनें हमेशा जनता के खून पसीने की कमाई को लूटने का काम किया है। इस अवसर पर जनता ने एक सुर में प्रवेश मेहता के पक्ष में 5 अक्टूबर को भारी मतदान करने का आश्वसन दिया।

# एनआईटी भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना को जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना ने आज अपने जनसर्म्पक अभियान के तहत एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के झाड़सेतली, मायाकुंज, डबुआ गांव, सोहना रोड़, राजीव कालोनी, नगंला एन्कलेव पार्ट-2, मातृ कालोनी, तुलसी कालानी, फतेहपुर तगा पहुंचे और वहां उन्होनें कई जनसभाओं को संबोधित किया। इससे पहले सतीश फागना का लोगों ने फूल मालाओं और पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए सतीश फागना ने कहा कि में आपके एनआईटी परिवार का हिस्सा हुं। अब आपको तय करना है कि आप विकास चुनते हैं या विनाश जो वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल में एनआईटी में किया है। मैने हमेशा स्वच्छ राजनीति की है और क्षेत्र की भलाई और खुशहाली के लिए काम किया है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि अविकसित शहर को विकासशील बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। अब एनआईटी को विकसित बनाने का काम आपका भाई करेगा। इसलिए एक ऐसे ईमानदार, स्वच्छ छवि के नेता को जिताकर चंडीगढ़ भेजे जो आपके दुख-दर्द में आपके साथ खड़ा रहे। सतीश फागना ने लोगों से फरीदाबाद के विकास, फरीदाबाद की तरक्की और अपने स्वयं के उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की। उन्होनें कहा कि न केवल वोट दें, बल्कि अपना पूरा समर्थन भी दें, और प्रत्येक व्यक्ति सतीश फागना बनकर चुनाव लड़े। इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद जनता ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सतीश फागना को जिताकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे।



# कांग्रेस के पक्ष में दिया गया वोट बदलेगा बडखल विधानसभा की तस्वीर: विजय प्रताप

## कांग्रेस सरकार बनने पर तीन महीने में सड़कों में गड्ढे नहीं मिलेंगे, रोड पर गंदगी नहीं मिलेगी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि उनके पक्ष में दिया गया वोट बडखल विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने शनिवार को शिव दुर्गा विहार में हुए स्वागत समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आप लोगों की भारी संख्या और जोश बता रहा है कि क्षेत्र में बदलाव की बयार तेजी से बह रही है। आने वाली सरकार कांग्रेस की बन रही है और आपके द्वारा दिया जा रहा मान सम्मान का ऋण मैं सूद सहित उतारूंगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व में बडखल से विधानसभा प्रत्याशी रहे अजय भडाना ने की। उन्होंने कहा कि शिव दुर्गा विहार का अगर कोई भला कर सकता है, तो वो चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह या उनके पुत्र विजय प्रताप सिंह कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने इस बार विजय प्रताप को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विजय प्रताप को विजयी बनाने का आह्वान किया। अजय भड़ाना के आह्वान पर शिव दुर्गा विहार के लोगों ने हाथ उठाकर विजय प्रताप के समर्थन में मतदान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कॉलोनी के लोगों ने विजय प्रताप को अपने क्षेत्र की मुख्य समस्याओं, सीवरेज, नाले में भरी हुई गंदगी एवं टूटी सड़कों आदि से अवगत कराया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि शिव दुर्गा विहार से उनको हमेशा प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन डालने के नाम पर पूरी बडखल विधानसभा में जगह-जगह गड्ढे कर दिए, जो आज तक नहीं भरे गए। 160 करोड़ रुपए सीवर लाइन डालने के नाम पर हजम कर गए, लेकिन कहीं भी सीवर लाइन शुरू नहीं कर पाए। पूरी विधानसभा में 8 इंच की सीवर लाइन डाली जा रही है, इतनी बड़ी आबादी पर 8 इंच की सीवर लाइन कैसे कामयाब हो सकती है।

विजय प्रताप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले भी काम किए हैं और आगे भी मैं आप लोगों को भरोसा दिलाता हूं क्षेत्र में काम करके दिखाएंगे। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद मांगा और कहा कि अगर अपने क्षेत्र की तस्वीर बदलनी हैए तो यह सरकार बदलनी पड़ेगी। विजय प्रताप ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर तीन महीने के अंदर सडकों में गड्ढे नहीं मिलेंगेए रोड पर गंदगी नहीं मिलेगीए सीवर बहता हुआ नहीं मिलेगा। इस दौरान शहर के प्रथम मेयर रहे सूबेदार सुमन, निवर्तमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना सहित सेकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पृथला क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से करेंगे विकास: पं. टेकचंद शर्मा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस धर्म-जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी भाईचारे व एकता में विश्वास रखती है, यही कारण है कि आज क्षेत्र के लोग भाजपा की नीति और नीयत को समझ चुके है और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए एकजुट हो गए है। श्री शर्मा ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत गांव साहूपुरा, गढखेडा, बहबलपुर, मुजेडी आदि में जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान गांवों में जगह-जगह टेकचंद शर्मा का ग्रामीणों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत करते हुए उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का विश्वास दिलाया। सभाओं को संबोधित करते हुए पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ के मेनिफेस्टो जारी करती है, जबकि भाजपा संकल्प पत्र के माध्यम से सभी संकल्पों को पूरा करती है। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता डा.बलदेव अलावलपुर ने कहा कि क्षेत्र की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह जान चुकी है कि भारतीय जनता पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है इसलिए इस बार पृथला क्षेत्र से जनता कमल खिलाने का काम करेगी।

# मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने से जुलाई में ग्राहकों की संख्या घटी

**- बीएसएनएल ने जोड़े सबसे ज्यादा नए ग्राहक**

नई दिल्ली ।

जुलाई 2024 में मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने के बाद टेलीकॉम कंपनियों रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखी गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में देश के कुल मोबाइल ग्राहक घटकर 120 करोड़ 51.7 लाख रह गए, जो जून में 120 करोड़ 56.4 लाख थे। रिपोर्ट के मुताबिक भारती एयरटेल ने जुलाई में 16.9 लाख ग्राहक खो दिए, जो अन्य कंपनियों के मुकाबले सबसे ज्यादा नुकसान था। वोडाफोन आइडिया ने 14.1 लाख ग्राहक गंवाए, जबकि रिलायंस जियो ने 7.58 लाख ग्राहकों का नुकसान उठाया। पिछले दो-तीन वर्षों में एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपनी प्रारंभिक मोबाइल सेवा दरों को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 199 रुपये प्रति 28 दिन कर दिया है। इस शुल्क वृद्धि से ग्राहकों पर वित्तीय दबाव बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक आधार में कमी आई। इसके विपरीत, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रही, जिसने नए ग्राहकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की। जुलाई में बीएसएनएल ने 29.4 लाख नए



मोबाइल उपभोक्ताओं को जोड़ा, जिससे यह कंपनियों के बीच नए ग्राहक जोड़ने में अग्रणी रही। इस प्रदर्शन के चलते बीएसएनएल ने अपनी स्थिति को मजबूत किया, जबकि निजी क्षेत्र की कंपनियों को गिरावट का सामना करना पड़ा। मोबाइल सेवा दरों में वृद्धि का प्रभाव विभिन्न दूरसंचार सर्किलों में देखने को मिला, जैसे पूर्वोत्तर, महाराष्ट्र, राजस्थान, मुंबई, कोलकाता, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और आंध्र प्रदेश। इन क्षेत्रों में ग्राहक आधार में गिरावट दर्ज की गई, जो शुल्क वृद्धि के कारण उपभोक्ताओं के असंतोष को दर्शाती है।

# सरकार और संगठन मुनाफाखोरी पर लगाएंगे लगाम

नई दिल्ली ।

सीमा शुल्क बढ़ने के बाद खाने के तेलों के भाव बढ़ाए जाने की खबरों के बीच कारोबारी संगठनों ने मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। सरकार पहले ही कारोबारी संगठनों को निर्देश दे चुकी है कि त्योहारी सीजन में कीमत नहीं बढ़ाई जाए क्योंकि देश में करीब दो महीने का खाने के तेलों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार और कारोबारी संगठनों की सख्ती की वजह से त्योहारी सीजन में खाने के तेलों के दाम स्थिर रह सकते हैं। उद्योग जगत के लोगों को कहना है कि आगामी त्योहारी मौसम के दौरान खाद्य तेलों के भाव दाम में कोई उछाल आने की आशंका नहीं है। नंदिनी ब्रांड से खाद्य तेल उत्पादक कंपनी एनके प्रोटेनिस प्राइवेट लिमिटेड के एक वे रिष्ठ अ धिकारी कहते हैं कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी का असर त्योहारी सीजन में नहीं पड़ने वाला है क्योंकि करीब 45 दिनों का स्टॉक पोर्ट में पड़ा है। इसके



अलावा करीब 20 दिन का माल कारोबारियों के पास जमा है। इस तरह डेढ़ दो महीने का स्टॉक देश में मौजूद है। अगले महीने से नई फसल आना शुरू हो जाएगी जिससे इसका असर कम होगा। फिलहाल त्योहारी सीजन में कीमतें नहीं बढ़ने वाली है और इसके बाद भी खाद्य तेलों के दाम 10 फीसदी से ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा किसानों को होगा, जब किसानों को फायदा होगा तो घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। आयात कम होगा जो देश के लिए फायदेमंद होगा। यानी सरकार का यह फैसला किसान और देश हित में है।

# जियो का नया रिचार्ज प्लान, अनलिमिटेड 5 जी के साथ मिलेगी फ्री कॉलिंग!




मुंबई ।

देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी जियो अपने ग्राहकों के लिए नवरात्रि से पहले नया प्लान लेकर आया है। जियो ने 364 दिन वाला 3599 रुपए का रिचार्ज प्लान फ्री में देने का ऐलान किया है। हालांकि इसके लिए कंपनी ने कुछ शर्तें रखी है, जिसके यूजर्स को पूरा करना होगा। जियो यूजर्स इस ऑफर का फायदा उठा सकते हैं, जिससे पूरे साल रिचार्ज कराने का झंझट खत्म हो जाएगा। बता दें कि ये ऑफर देश के सभी कोनों में लागू होगा। जानकारी के अनुसार जियो ने अपनी इंटरनेट सेवा यानि जियो फाइबर को प्रमोट करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। जियो यूजर्स नए एयरफाइबर प्लान के लिए साइन अप करके फ्री मोबाइल रिचार्ज का मजा ले सकते हैं। जियो की वेबसाइट के मुताबिक, यूजर्स को 3599 रुपये का कॉम्प्लीमेंट्री सालाना मोबाइल रिचार्ज प्लान मिलेगा, जो 365 दिनों के लिए वैलिड होगा। इस प्लान में रोजाना 2.5जीबी हाई-स्पीड डेटा का फायदा शामिल है। जियो यूजर्स कंपनी की वेबसाइट और माय जियो ऐप के जरिए नया एयरफाइबर बुक कर सकते हैं। कंपनी ने एयर फाइबर ब्रॉडबैंड के लिए सिर्फ 50 रुपये का बुकिंग चार्ज तय किया है।

इसके अलावा एयर फाइबर आफर के तहत 3 महीने के प्लान पर यूजर्स को 30 फीसदी की छूट दी जा रही है, जो 2121 रुपये में उपलब्ध है। इस प्लान में 800 से ज्यादा डिजिटल टीवी चैनल, 13 से ज्यादा ओटीटी ऐप और अनलिमिटेड वाई-फाई का एक्सेस शामिल है।

# टाटा स्टील ने ओडिशा में शुरू किया भारत का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस

**कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 80 लाख टन प्रति वर्ष हो जाएगी**




नई दिल्ली ।

टाटा स्टील ने ओडिशा के कलिंगनगर संयंत्र में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का शुभारंभ कर दिया है। इससे फर्नेस कंपनी की उत्पादन क्षमता को 30 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 80 लाख टन प्रति वर्ष तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ब्लास्ट फर्नेस इस्पात निर्माण प्रक्रिया का प्रमुख घटक होता है, जो 1500 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर धातु को उत्पादन करने में सक्षम है। टाटा स्टील ने नवंबर 2018 में ओडिशा में अपने कलिंगनगर संयंत्र के विस्तार के दूसरे चरण के लिए 27,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी।

इस परियोजना के तहत ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना इस्पात उद्योग में टाटा स्टील के नए मानकों को स्थापित करने के दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह नई क्षमता, उन्नत प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता के लिहाज से नए मानक स्थापित करता है। इस ब्लास्ट फर्नेस की क्षमता 5,870 घन मीटर है और यह पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन से लैस है, जिससे इस्पात उत्पादन प्रक्रिया अधिक टिकाऊ और कुशल बन सकेगी। इसके अलावा संयंत्र के विस्तार में कच्चे माल की क्षमता में बढ़ोतरी, अपस्ट्रीम और मिड-स्ट्रीम सुविधाओं का विस्तार, और कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स जैसी डाउनस्ट्रीम सुविधाएं भी शामिल हैं। टाटा स्टील ने कहा कि बीते 10 वर्षों में ओडिशा भारत में कंपनी का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया है, जहां अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा चुका है। कलिंगनगर संयंत्र का यह विस्तार देश में इस्पात उत्पादन क्षमता में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा और टाटा स्टील की स्थिति को और मजबूत करेगा।

# आरटीआईः सेबी ने बुच के बारे में जानकारी देने से किया इनकार

नई दिल्ली ।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत जानकारी मांगे जाने पर कहा कि हितों के संभावित टकराव के कारण सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के मामलों से खुद को अलग कर लेने के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है और उन्हें जुटाने पर उसे अपने संसाधनों का अपव्यय करना होगा। पारदर्शिता के लिए काम कर रहे कमोडोर लोकेश बत्रा (सेवानिवृत्त) की तरफ से दाखिल एक आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि अपने और परिजनों के पास मौजूद वित्तीय परिसंपत्तियों और इक्विटी के बारे में बुच की



तरफ से सरकार और सेबी बोर्ड को की गई घोषणाओं की प्रतियां नहीं दी जा सकती हैं। सेबी ने इस ब्योरे को व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए कहा कि उनके खुलासे से व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसके साथ ही सेबी ने उन तारीखों की जानकारी देने से भी इनकार कर दिया जब ये खुलासे किए गए थे। सेबी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने उन घोषणाओं की प्रति देने से इनकार करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षा को आधार बनाया है। आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि मांगी गई जानकारी आपसे संबंधित नहीं है और यह व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित है। इसके खुलासे का किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है। यह व्यक्ति की निजता में अनुचित हस्तक्षेप का कारण बन सकता है और व्यक्ति के जीवन या शारीरिक सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है।

## अडानी टोटल गैस ने कारोबार बढाने 37.5 करोड़ डॉलर वित्त हासिल किया

नई दिल्ली । अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अपने कारोबार बढ़ाने और शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय कर्जदाताओं से 37.5 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार इस वित्तपोषण में 31.5 करोड़ डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता शामिल है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। इस वित्तपोषण में बीएनपी पारिबा, डीबीएस बैंक, मिजुहो बैंक, एमयूएफजी बैंक, और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन जैसे पांच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं ने भाग लिया। एटीजीएल, जो अदाणी समूह और फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज का संयुक्त उद्यम है, ने कहा कि इस वित्तपोषण से कंपनी को अपने 13 राज्यों में स्थित 34 अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में शहरी गैस वितरण नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह वित्तीय समर्थन एटीजीएल के पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाएगा, जिससे कंपनी की वृद्धि को गति मिलेगी। एटीजीएल के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि यह वित्तपोषण ढांचा न केवल कंपनी की लगातार वृद्धि को बढ़ावा देगा, बल्कि भविष्य के वित्तपोषण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा, जिससे दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित हो सकेगा।



## हवाई टिकट के भाव बढ़े, दीवाली पर यात्रियों को देना होगा ज्यादा किराया

मुंबई । दीवाली के आसपास फ्लाइट टिकट तेजी से महंगे होते जा रहे हैं। एयरलाइन्स की बुकिंग में भी लगभग दोगुना उछाल आया है। एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार दीवाली की फ्लाइट बुकिंग्स में करीब 85 फीसदी की तेजी आई है। लोग औसतन 27 दिन पहले ही अपना टिकट बुक कर ले रहे हैं। किराया भी लगभग 15 फीसदी बढ़ चुका है। पिछले साल हवाई किराया दीवाली से एक हफ्ते पहले तक दोगुना हो चुका है। ऐसे आशंका जताई जा रही है कि इस साल भी किराया तेजी से उछाल मारेगा। एयरलाइन्स को सबसे ज्यादा बुकिंग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर, चेन्नई, लखनऊ, पोर्ट ब्लेयर और पटना जैसी जगहों को मिल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गुवाहाटी के लिए सबसे ज्यादा 386 फीसदी बुकिंग बढ़ी है। लोग त्यौहार पर अपने घर जाने के लिए लालायित हैं। इसके बाद जयपुर के लिए 306 फीसदी और पटना के लिए 271 फीसदी बुकिंग बढ़ी हैं। अन्य शहरों की बुकिंग में भी तेज उछाल जारी है। एक ट्रेवल वेबसाइट ने अगस्त से ही दीवाली फ्लाइट्स की बुकिंग के लिए विशेष अभियान चला दिया था। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि जल्द ही किराया बढ़ने वाला है। बताया जा रहा है कि दीवाली के आसपास बुकिंग लगभग 15 फीसदी बढ़ गई है। दीवाली के अलावा छठ पूजा और गोवर्धन पूजा तक फ्लाइट टिकट हर साल काफी महंगे रहते हैं।

## झारखंड सरकार ने धान के लिए 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मंजूर किया

रांची । झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में धान के लिए केंद्र के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अलावा 100 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में कुल 60 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मंत्रिमंडल सचिव वंदना दादेल ने कहा कि मंत्रिमंडल ने केंद्र के एमएसपी के अलावा धान पर 100 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस के प्रस्ताव को मंजूरी दी और इस संबंध में 60 करोड़ रुपये मंजूर किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस सत्र में किसानों से 6 लाख टन धान खरीदने का भी फैसला किया है। केंद्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में धान की सामान्य किस्म के लिए 2,300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए किस्म के लिए 2,320 रुपये का एमएसपी तय किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कुल 36 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें राज्य भर में 29,604 जमीनी स्तर पर पेयजल सेवा प्रदान करने में लगे लोगों को 12,000 रुपये मूल्य के स्मार्टफोन प्रदान करना शामिल है।

## भारतीय रियल स्टेट में विदेशी निवेश 6 महीने में 3.5 बिलियन डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली । भारत में रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेशकों की रे चि बढ़ती जा रही है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली छमाही में ही इस क्षेत्र में विदेशी निवेश 3.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। एक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विदेशी निवेशकों के लिए लैंड और डेवलपमेंट साइट इन्वेस्टमेंट के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे पसंदीदा देश बन गया है। इस सूची में चीन और सिंगापुर भारत से आगे हैं। कोलियर्स की ग्लोबल कैपिटल फ्लो रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में भारत के रियल एस्टेट में हुए कुल निवेश में 73 फीसदी हिस्सा विदेशी निवेशकों का था। इसमें क्रॉस बॉर्डर इन्वेस्टमेंट का योगदान 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा था। एशिया-पैसिफिक क्षेत्र ने इस इनफ्लो में 1.2 बिलियन डॉलर का योगदान दिया है। जनवरी से मार्च 2024 के दौरान भारतीय रियल एस्टेट में 995.1 मिलियन डॉलर का विदेशी निवेश हुआ था लेकिन दूसरी तिमाही यानी अप्रैल से जून के बीच, यह आंकड़ा बढ़कर 2.5 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। भारत के रियल एस्टेट में हो रही तेजी के पीछे बुनियादी संरचना में हो रहा विकास है।

## भारत का यूरोपीय संघ से आयातित वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव

मुंबई । भारत ने यूरोपीय संघ से आयातित कुछ वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों पर आम सहमति नहीं बनने के बाद भारत ने यह फैसला किया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को भेजे गए एक संदेश में भारत सरकार ने कहा कि रियायतों का निलंबन यूरोपीय संघ में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ाने का काम करेगा। वर्ष 2018 से 2023 तक यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों की वजह से भारत को 4.41 अरब डॉलर का कुल व्यापार घाटा हुआ है जिस पर शुल्क संग्रह 1.10 अरब डॉलर होगा। इस हिसाब से भारत द्वारा रियायतों को निलंबित किए जाने पर यूरोपीय संघ में उत्पादित माल पर समान राशि का शुल्क एकत्रित होगा। इस संदेश के मुताबिक पर्याप्त रूप से समान रियायतों को निलंबित करने के अपने अधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए भारत प्रस्तावित निलंबन को तुरंत प्रभावी करने और उत्पादों के साथ सीमा शुल्क दरों को समायोजित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। भारत अगले उचित कदमों के बारे में माल व्यापार परिषद और सुरक्षा समिति दोनों को सूचित करेगा। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूरोपीय संघ ने 25 प्रतिशत के कोटा-मुक्त शुल्क के साथ कुछ इस्पात उत्पाद श्रेणियों के आयात पर सुरक्षा शुल्क को 2026 तक बढ़ा दिया है। इसे पहली बार वर्ष 2018 में लगाया गया था जो बाद में जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। यूरोपीय संघ ने 29 मई, 2024 को कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के अपने प्रस्ताव के बारे में डब्ल्यूटीओ को सूचित किया। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में से एक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूरोपीय संघ को भारत का लौह एवं इस्पात और उनके उत्पादों का निर्यात बढ़कर 6.64 अरब डॉलर हो गया जो 2022-23 में 6.1 अरब डॉलर था।

# सेंसेक्स और निफ्टी में डेढ़ फीसदी से अधिक की रही तेजी

मुंबई ।

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी देखी गई। बाजार में सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। लेकिन सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार में सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। अमेरिकी फेड की ओर से इन्टरेस्ट रेट में कटौती के दो दिन बाद भारतीय शेयर बाजार ने नया कीर्तिमान रचा है। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेड रिजर्व की ओर से की गई ब्याज कटौती और आगे भी ब्याज कटौती के संकेत, विदेशी निवेशकों की ओर से शेयर मार्केट में किया गया निवेश और बैंकिंग स्टॉक में हुई जमकर खरीदारी का भी असर शेयर बाजार में दिखाई दिया। शेयर बाजार में सप्ताह में दो दिन बढ़त और तीन दिन तेजी दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ खुले। सीमित दायरे में कारोबार के बावजूद, प्रमुख भारतीय सूचकांक अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने में सफल रहे। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 180.92 अंक चढ़कर 83,071.86 पर खुला और 98 अंक की बढ़त के साथ 82,989 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी-50 में भी बढ़त देखी गई और यह 55.1 अंक के साथ 25,411.60 पर खुला और 25,384 पर 27 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार करीब सपाट स्तर पर खुला। बीएसई का सेंसेक्स 78 अंक की गिरावट के साथ 82,909 पर खुला और अमेरिका में ब्याज दर घटने के अनुमानों के बीच 90.88 अंक चढ़कर 83,079.66 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 12 अंक की गिरावट के साथ 25,370 पर खुला और 25,400 के स्तर से ऊपर बंद हुआ। बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 130.24 अंक गिरकर 82,949.42 पर खुला और 131.43 अंकों की गिरावट के साथ 82,948.23 पर बंद हुआ। निफ्टी 37.75 अंक गिरकर 25,380.80 पर खुला और 41.00 अंक फिसलकर 25,377.55 पर बंद हुआ। भारतीय प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने गुरुवार को बाजार खुलते ही नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छू लिया। यह तेजी एशिया-पैसिफिक बाजारों और वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स में उछाल के बाद आई, क्योंकि जेरोम पॉवेल की अगुवाई वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार शाम को 50 बेसिस पॉइंट की दर में कटौती की घोषणा की थी। बाजार खुलते समय बीएसई सेंसेक्स 441 अंकों की बढ़त के साथ 83,389 के स्तर पर खुला और 236.57 अंक चढ़कर 83,184.80 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 165 अंकों की बढ़त के साथ 25,542 पर दिखा और थोड़ी देर बाद ही यह 224 अंक बढ़कर 25,602 पर खुला और 38.25 अंक बढ़कर 25,415.80 पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान यह 234.4 अंक बढ़कर 25,611.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 421 अंकों की बढ़त के साथ 0.51 प्रतिशत ऊपर 83,606 पर खुला और 1,359.51 (1.63 फीसदी) अंक चढ़कर 84,544.31 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 112 अंक की बढ़त के साथ 25,528 पर खुला और 375.16 (1.48 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 25,790.95 पर बंद हुआ।

# सीएसआर खर्च तय करेगा इंटर्नशिप योजना के लिए कंपनियों की पात्रता

**- 1 करोड़ युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण**

नई दिल्ली ।


कंपनी मामलों का मंत्रालय उन शीर्ष 500 कंपनियों की सूची जारी करने वाला है जो केंद्र सरकार की इंटर्नशिप योजना में भाग लेने के लिए पात्र होंगी। सूत्रों के अनुसार इन कंपनियों का चयन पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके औसत वार्षिक कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च के आधार पर किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 में इस योजना की घोषणा की थी। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय इस महीने के अंत तक इंटर्नशिप योजना पोर्टल चालू कर देगा, जहां कंपनियां अपने पास उपलब्ध इंटर्नशिप का विवरण जारी कर करेंगी। इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन भी इसी पोर्टल के जरिये ऑनलाइन प्राप्त किए



जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि कंपनियों की इंटर्नशिप के उम्मीदवारों तक सीधी पहुंच नहीं होगी। उम्मीदवार द्वारा इंटर्नशिप के लिए आवेदन किए जाने के बाद मंत्रालय की समिति प्राप्त आवेदनों का चयन करेगी और संबंधित कंपनियों को भेजेगी। इसके तहत एक पद के लिए दो उम्मीदवारों के नाम भेजे जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि कंपनियां अपनी जरूरत के आधार पर उम्मीदवारों का चयन अथवा आवेदन को अस्वीकार कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए काम जोरों पर है। तमाम कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। यह कंपनियों और सरकार दोनों के लिए एक फायदेमंद योजना है। कंपनियां प्रतिभाओं को तैयार करना चाहती हैं और उसकी लागत की भरपाई सरकार कर रही है।कंपनियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे 10 फीसदी प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप लागत का वहन अपने सीएसआर कोष से करें। हालांकि यह योजना कंपनियों के लिए स्वैच्छिक है। इसलिए कंपनियां स्वैच्छिक आधार पर इसे अपना सकती हैं। मगर कंपनी अधिनियम के तहत सीएसआर अनिवार्य एवं सांविधिक दायित्व है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव


नई दिल्ली ।



भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम पर आधारित होती हैं। बता दें कि भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने 21 सितंबर शे निवार के लिए पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। वहीं कुछ राज्यों ऐसे है जहां में पेट्रोल डीजल सस्ता भी हुआ है। इसके इलावा कई राज्य ऐसे है जहां इनके दाम स्थिर है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.43 रुपये और डीजल 89.95 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.93 रुपये और डीजल 91.75 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है।



## कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की हीरोइन होंगी तृप्ति डिमरी



कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। उनकी म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी होंगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु करेंगे। अब जबकि इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग खत्म होने के बाद इसके पोस्ट प्रोडक्शन के काम ने तेजी पकड़ ली है, फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म की हीरोइन को लेकर भी बादल करीब करीब पूरे छंट चुके हैं। और, वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के प्रीमियर पर सारा अली खान का कार्तिक से गले मिलना, पुराने दिनों को फिर से ताजा करने की कोशिश करना और अपने पुराने प्रेम को फिर से सुर्खियों में लाने की कोशिश करना सब बेकार हो गया है। कार्तिक आर्यन की इस म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी ही होंगी, ये खबर 'अमर उजाला' ने ही सबसे पहले आपको दी थी और अब खबर ये है कि इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने के आखिर में शुरू होने जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं और ये वही फिल्म है जिसके नाम को लेकर मामला अदालत तक पहुंच चुका है और जिसके नाम में 'आशिकी' शब्द के इस्तेमाल को लेकर फिल्म निर्माता कंपनी टी सीरीज की विशेष फिल्म्स से ठनी हुई है। महेश भट्ट अब अपने भाई मुकेश भट्ट की इस कंपनी से अलग हो चुके हैं। उनके शागिर्द रहे अनुराग बसु ने 'आशिकी 3' के नाम से शुरू हुई इस फिल्म का प्री प्रोडक्शन करीब करीब पूरा भी कर लिया है। फिलहाल ये फिल्म अनाम है। इस फिल्म में भी पहले की दोनों फिल्मों की तरह संगीत सबसे अहम होगा और सूत्र बताते हैं कि संगीतकार प्रीतम ने फिल्म के लिए करीब एक दर्जन गाने बनाकर टी सीरीज के सीएमडी और इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार को सुना भी दिए हैं। उधर, तृप्ति साथ इन दिनों राजकुमार राव के साथ बनी अपनी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का प्रचार भी करती दिख रही है। इसके एक कार्यक्रम में हाल ही मे जिस तरह फोटोग्राफर्स राजकुमार राव को हक्का बक्का छोड़ तृप्ति की तरफ भागे, उससे इस बात का भी इशारा मिलता है कि तृप्ति का ताप अभी और बढ़ने वाला है।



## बे बन फिर धमाल मचाएंगी अनन्या पांडे, प्राइम वीडियो ने किया कॉल मी बे सीजन 2 का आधिकारिक एलान

हाल ही में रिलीज हुई अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज कॉल मी बे को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अनन्या पांडे की मुख्य भूमिका वाले इस शो ने 6 सितंबर को रिलीज होने के बाद से काफी लोकप्रियता हासिल की। वहीं, अब निर्माताओं ने इसके दूसरे सीजन की पुष्टि कर दी है, जिसने शो के प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्राइम वीडियो ने एक्स पर शो के दूसरे सीजन की आधिकारिक घोषणा की। हैंडल ने एक वीडियो असेंबल पोस्ट किया जिसमें अनन्या पांडे और सीजन एक के अन्य कलाकार वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त और लिसा मिश्रा शामिल हैं, जो दर्शाता है कि वे अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया है, बेला एक नए सीजन के साथ हमें फिर से लुभाने आ रही है। वीडियो घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता। एक अन्य ने टिप्पणी की, बे की दोगुनी खुराक। एक तीसरे प्रशंसक ने लिखा, मेरा पसंदीदा शो वापस आने वाला है। एक टिप्पणी में यह भी लिखा था, इसके लिए काफी बे-करार। सीरीज में अनन्या पांडे ने बेला उर्फ बे चौधरी का किरदार निभाया है। कहानी उन्हीं के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक आलीशान जिंदगी जीती थी और अब मुंबई में अपने नए जीवन के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रही है। कॉल मी बे का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। इसमें अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा और करण जौहर कार्यकारी निर्माता हैं। इस सीरीज की कल्पना इशिता मोइत्रा ने की थी जिन्होंने इसे समीना मोटलेकर और रोहित नायर के साथ मिलकर लिखा है। कॉलिन डीकुन्हा ने इस सीरीज का निर्देशन किया। कॉल मी बे वर्तमान में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है और इसे इसके मूल हिंदी संस्करण के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी देखा जा सकता है। काम के मोर्चे पर, कॉल मी बे 2 के अलावा अनन्या पांडे के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं। वह समत के साथ फिल्म सीटीआरएल में नजर आएंगी। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित यह फिल्म 4 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## ऐश्वर्या राय की तारीफ में बोले अभिनेता चियान विक्रम

अभिनेता चियान विक्रम और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने साल 2010 में आई फिल्म रावण में साथ में काम किया था। तेलंगाना अभिनेता अक्सर ऐश्वर्या राय की तारीफ करते नजर आते हैं। एक बार फिर उन्होंने ऐश्वर्या के काम, उनके डांस और साउथ सिनेमा में उनकी छाप को लेकर बात की है। ऐश्वर्या राय के लिए अभिनेता चियान विक्रम ने कहा, उसने हमेशा सभी का दिल चुराया है। ऐश हमेशा उस पूर्णता की तस्वीर का प्रतीक रही हैं जिसे हम देखते हैं। मैंने हमेशा उनकी फिल्में देखी हैं और यह सिर्फ उनकी फिल्मों और उनकी सुंदरता के बारे में नहीं था। यह इस बारे में था कि वह किस चीज के लिए खड़ी थीं। उन्हें हमेशा देखा जाता है, उन्हें हमेशा परफेक्ट रहने की जरूरत होती है और उन्होंने इसे स्टाइल में किया है।
ऐश्वर्या राय के नृत्य की तारीफ की चियान ने कहा, यह एक ईमानदार स्वीकारोक्ति है। वह बहुत खूबसूरती से नृत्य करती है। मैं उनके प्रशंसकों में से एक हूं और उनके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है और उन्हें फिर से देखना बहुत अच्छा है। नंदिनी, निश्चित रूप से, एक बहुत ही मजबूत चरित्र है और वह विरोधी नहीं है। चियान ने कहा कि जब ऐश्वर्या मिस वर्ड के स्टेज पर उतरी थीं तो एक बार लड़खड़ाई थी, हालांकि बाद में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ फिर से रैंप पर उतरकर शांती और शालीनता से वॉक किया था।



## एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी के लिए खुद पर दबाव बना रहे हैं वीर दास, शो के लिए खुद लिखेंगे अपने संवाद

भारतीय कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास इस बार एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं, जिसे लेकर उन्होंने अपनी तैयारियों का जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि वो इसके लिए खुद पर दबाव डाल रहे हैं और इसके लिए खुद लिखने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर भारतीय कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास इस बार 52वें अतंरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं। वह इस साल 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में एमी अवॉर्डस को होस्ट करते नजर आएंगे। उन्होंने पिछले साल अपनी लोकप्रिय कॉमेडी वीर दास-लैंडिंग के लिए एमी अवॉर्ड्स जीता था। अब वह प्रतिष्ठित शो की मेजबानी करेंगे, जो किसी भी कलाकार के लिए काफी सम्मान की बात है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बन गए हैं। अब उन्होंने इस शो को लेकर अपनी तैयारियों पर बात की है तथा वो क्या-क्या करने पर सोच रहे हैं, इसे लेकर जानकारी दी है। मशहूर कॉमेडियन ने कहा कि भले ही इसकी घोषणा अभी हुई है, लेकिन उन्हें इसके बारे में बीते कुछ महीनों से पता है। उन्होंने कहा है कि वह इसे सही कर पाए, तो जश्न मनाएंगे। अभिनेता इसे लेकर अपनी तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा, मैं अब खुद पर दबाव डालना शुरू कर रहा हूं, मैं इसे खुद लिखने वाला हूं। चुटकुले कई तरह की चीजों से भरे होंगे। यह अमेरिकी चुनावों के कुछ सप्ताह बाद होगा, तब तक दुनिया में बहुत कुछ हो चुका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों में कई नामांकित व्यक्ति और कंटेंट निर्माता होंगे, जिनके बारे में मैं वो बात करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मौके को बहुत अच्छे से भुनाना चाहते हैं।

### कॉल मी बे में आए हैं नजर

वीर दास के लिए ये महीना काफी शानदार घटा है। इस महीने उनकी वेब सीरीज रिलीज कॉल मी बे हुई, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आई थीं। इस सीरीज में वह टीआरपी के भूखे न्यूज एंकर की भूमिका में नजर आए हैं। अपने इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा,जब आप धर्मा के शो के बारे में सोचते हैं, तो आप सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। मैं अपने किरदार को किसी पत्रकार का यूट्यूब वर्जन नहीं बनाना चाहता था। इसलिए, कॉलिन और मैंने उसे कैमरे के सामने एक बदमाश की तरह बनाया, जबकि कैमरे के बाहर उसे एक बेवकूफ की तरह दिखाया।





## कभी लंगड़ा त्यागी तो कभी उदयभान, जानें कब-कब पर्दे पर विलेन बनकर छाए सैफ अली खान

**सैफ अली खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों से खुद को सबसे बेहतरीन अभिनेता के रूप में साबित किया है। हीरो के साथ खलनायकी के रोल से भी उन्होंने लोगों पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। वह जल्द ही फिल्म देवरा में एक बार फिर से नकारात्मक भूमिका में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी वह बड़े पर्दे पर विलेन बनकर दर्शकों पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ चुके हैं। आइए उन फिल्मों के बारे में जानते हैं ...**

### आदिपुरुष

पिछले साल यानी 2023 में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष भले ही लोगों को पसंद नहीं आई, लेकिन सैफ ने इस फिल्म में बेहतरीन अदाकारी दिखाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम लंकेश था। इस फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। सैफ के अलावा इसमें प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, सनी सिंह और देवदत्त नागे भी थे।

### तान्हाजी

फिल्म तान्हाजी में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन अपने नकारात्मक रोल से सैफ अली खान पर्दे पर छा गए थे। उदयभान सिंह राठौड़ के किरदार में उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी थी। फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। इसमें काजोल और शरद केलकर ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थी।

### ओमकारा

ओमकारा में लंगड़ा त्यागी का किरदार निभाकर सैफ ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। देशभर में उनके इस किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, विवेक ओबेरॉय और बिपाशा बसु भी थे। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म सफल रही थी।

### एक हसीना थी

सैफ ने साल 2004 में पहली बार विलेन का किरदार निभाया था। एक हसीना थी में सैफ एक बेरहम प्रेमी की भूमिका में थे। उर्मिला मातोंडकर इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री थीं। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदित्य श्रीवास्तव और सीमा बिस्वास थीं। फिल्म में सैफ की अदाकारी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



## इस पॉप आइकन की बायोपिक बनाना चाहते हैं संदीप रेड्डी वांगा

संदीप रेड्डी वांगा ने अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों का निर्माण कर अपार सफलता हासिल की है। इसी बीच निर्माता प्रभास के साथ अपनी अगली फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, अब वांगा ने एक बायोपिक बनाने की दिली इच्छा जाहिर की है। निर्देशक, अंतर्राष्टीय पॉप आइकन माइकल जैक्सन की बायोपिक बनाना चाहते हैं। इस खुलासे ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में गलाटा प्लस पर बरद्वाज रंगन से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं किसी दिन एक बायोपिक करना चाहता हूं। वांगा ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं माइकल जैक्सन की बायोपिक का निर्देशन करना चाहूंगा। लेकिन सवाल ये है कि उनका किरदार कौन निभाएगा, अभिनेता कौन होगा?
संदीप रेड्डी वांगा ने आगे कहा, उन्होंने बचपन से लेकर अपनी स्कूली शिक्षा और कैसे उन्होंने अपनी त्वचा का रंग बदला सब कुछ बहुत दिलचस्प रहा है। यह एक शानदार यात्रा और एक बेहतरीन कहानी है। लेकिन सही अभिनेता कौन होगा, यह सवाल है। वह एक सपना होगा और हर कोई टिकट खरीदेगा। जो कोई भी इसे निर्देशित करेगा, मैं टिकट खरीदूंगा और इसे देखूंगा क्योंकि मैं जानना चाहता हूं। स्पिरिट की बात करें तो, संदीप रेड्डी वांगा ने खुद खुलासा किया था कि यह फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, फिल्म में प्रभास एक गुस्सैल युवा पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म संदीप के स्टाइल में होगी, जिसमें हिंसा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिल्म को टी-सीरीज बैनर के तहत कबीर सिंह और एनिमल निर्माता भूषण कुमार के जरिए बैंकरोल किया जाएगा। वहीं, एनिमल की भारी सफलता के बाद फिल्म के सीक्वल एनिमल पार्क की आधिकारिक घोषणा की गई। चर्चा है कि, फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा 2026 में फिल्म पर काम करना शुरू करेंगे। जानकारी हो कि 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी।

## मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह मुगालते को इंसान के लिए बड़ा खतरा मानती हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में अनुशासन को अपने लिए काफी महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों को मुगालते में न रहने की सलाह दी है। रकुल ने पॉडकास्ट के लिए बात करते हुए कहा, मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर मैं हर रात दो बजे सो रही हूं और सुबह 10 बजे उठ रही हूं, तो मैं यह कैसे उम्मीद कर सकती हूं कि मुझे जो चाहिए वह मिलेगा। मैं सुबह छह बजे उठती हूं, काम पर जाती हूं, जैसा प्रयास करती हूं, वैसा होता है। कायनात उसे संभव बनाती है। इसके अलावा रकुल ने हमेशा तैयार रहने के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अगर आप उस तरह का काम पाने के लिए तैयार नहीं हैं जो आप करना चाहते हैं, तो आपको वह कभी नहीं मिलेगा। जैसा कि कहा जाता है, हमेशा ऐसे जियो जैसे कि तुम्हें वह मिल चुका है... लेकिन मुझे यह सब नहीं पता था, मुझे यह सब बाद में पता चला। लेकिन मेरी आर्मी में परवरिश की बदौलत, मेरी जीवनशैली वैसी ही थी और फिर मुझे भी लगता है कि भ्रम में न रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, आपने बहुत अच्छी बात कही कि आपको आलसी नहीं होना चाहिए और मैं खुद भी आलसी नहीं थी। आप जानते हैं कि शायद लोगों को लगेगा कि यहां बैठकर यह कहना बहुत आसान है, लेकिन अगर किसी ने आपकी आलोचना की तो उसे स्वीकार करना चाहिए और कहना चाहिए कि हां, शायद मैं अच्छी नहीं थी।

